केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक 08/12/2023

# प्रेस विज्ञप्ति

## पुरस्कार वितरण एवं अखिल भारतीय हिंदी कवि सम्मेलन सम्पन्न

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में दिनांक 08/12/2023 को राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया । समारोह की अध्यक्षता महाप्रबंधक/कोर, श्री प्रमोद कुमार द्वारा किया गया ।

मुख्य राजभाषा अधिकारी /कोर, श्री संजय सिंह नेगी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत हिंदी का प्रशंसनीय प्रयोग करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जा रहा है । इसके साथ ही हम लोग विभिन्न रसों के विद्वान कवियों की रचनाओं का आनन्द भी लेंगे । इससे कोर में हिंदी प्रयोग-प्रसार की दिशा में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होगा और हम सब अपने सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए संकल्पबद्ध होंगे।

महाप्रबंधक महोदय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में पुरस्कार वितरण के साथ ही कवि सम्मेलन का आयोजन एवं राजभाषा संगम पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए राजभाषा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी । उन्होंने आशा व्यक्त की कि इससे संगठन में हिंदी का प्रचार-प्रसार बढ़ेगा। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी । महाप्रबंधक महोदय ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अपने कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें तथा विभिन्न पुरस्कार योजनाओं का लाभ उठाएं ।

इस अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जिसमें सर्वश्री अमित शुक्ला, सात्विक नीलदीप, शिव किशोर तिवारी ' खंजन ' , चेतन नितिन खरे एवं सुश्री हेमा पाण्डेय ने काव्य पाठ किया । कवि सम्मेलन का संचालन श्री चेतन नितिन खरे ने किया ।

महाप्रबंधक महोदय ने विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कर-कमलों से पुरस्कार प्रदान किए । समारोह में कोर के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, श्री अनुपम सिंघल, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, श्री ए.के.सिंह शैवाल, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, श्री विनय एन. अम्बाडे, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर, श्री आर.एन.सिंह, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, श्री वी.के.गर्ग, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, श्री के.के.सिंह, तथा रीवो की अध्यक्षा श्रीमती पूनम कुमार, रीवो की अन्य पदाधिकारीगण एवं सदस्याओं सहित संगठन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री कल्याण सिंह, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी ने किया।

(एस॰के॰ द्विवेदी)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज